सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 160 | इंदौर, सोमवार 18 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. पीएम ने उमराहा में स्वर्वेद महामंदिर का किया उद्घाटन,दीवारों पर लिखे दोहे भी पढ़े
2. Parliament: लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित, स्पीकर बोले- ऐसी घटना पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

# मप्र के मंत्रिमंडल पर मंथन

मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी मिल गई है। रविवार शाम को दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर इस पर मंथन हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में करीब एक घंटे चली बैठक में मंत्रिमंडल के चेहरों को लेकर चर्चा की गई।



## पहली बार में 20 मंत्री ले सकते हैं शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक नए चेहरों के साथ कुछ पुराने चेहरों को भी मंत्रिमंडल में जगह देने पर सहमति बनी है। सांसद से विधायक बने राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल, रीति पाठक और राव उदय प्रताप सिंह के साथ ही कैलाश विजयवर्गीय को मंत्री बनाया जा सकता है। पहली बार में संभवतः 18 से 20 मंत्री शपथ ले सकते हैं। हालांकि, सूत्रों ने भी कहा कि दिल्ली में एक छोटी बैठक और हो सकती है, जिसमें नामों की सूची को अंतिम रूप दिया जा सकता है। साथ ही शपथ ग्रहण की तारीख और समय भी तय किया जा सकता है। इस चुनाव में 33 में से 31 मंत्रियों को टिकट दिया गया था। इसमें से 12 चुनाव हार गए, जबकि 19 मंत्री चुनाव जीतकर फिर विधानसभा पहुंचे हैं। बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव, दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल, बीजेपी विधायक नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल मौजूद रहे। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी शामिल हुए।

### अचानक बदला राज्यपाल का कार्यक्रम

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के तय कार्यक्रम में रविवार रात को अचानक बदलाव हुआ है। राज्यपाल 18 दिसंबर (सोमवार) शाम को भोपाल पहुंच रहे हैं। इससे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक वे 19 दिसंबर (मंगलवार) को भोपाल आने वाले थे। राज्यपाल के तय शेड्यूल में अचानक हुए इस बदलाव को मंत्रिमंडल विस्तार से जोडक़र देखा जा रहा है। बता दें कि प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव को शपथ दिलाने के बाद राज्यपाल अपने गृह राज्य गुजरात रवाना हो गए थे।

### ◆ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल भी बैठक में रहे मौजूद

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे । उन्होंने कहा कि जब भी हमें कोई नया दायित्व सौंपा जाता है, तो दिल्ली में कई विषयों को लेकर चर्चा होती है।



### ◆ सीएम से मिले संत महामंडल के पदाधिकारी

दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी, कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी और कोतवाल महंत मंगलदास ने रविवार को दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। उनसे भेंट कर सीएम बनने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### ◆ सीएम ने कहा था- यशस्वी नेतृत्व करेगा फैसला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कहा था कि इसका फैसला यशस्वी केंद्रीय नेतृत्व ही करेगा। इसके बाद शनिवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से मुख्यमंत्री यादव, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को दिल्ली से बुलावा आया था। जिसके बाद रविवार शाम को अहम बैठक हुई।

### ◆ 13 दिसंबर को डॉ. यादव ने ली थी सीएम पद की शपथ

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। उनके साथ ही जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ग्रहण की थी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बीजेपी शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए थे।

## श्री श्रीसाहित्य सभा का सम्मान समारोह आज दो पुस्तकों का विमोचन भी होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री श्रीसाहित्य सभा इंदौर का विशिष्ट सम्मान समारोह 18 दिसंबर सोमवार को दोपहर 1 बजे हवा बंगला रोड स्थित शंकराचार्य गेट के सामने महालक्ष्मी मंगल परिसर मे होगा। यह जानकारी देते हुए संस्थापक अध्यक्ष साहित्यकार चकोर चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर 35 से अधिक साहित्यकारों, समाजसेवियो,एवं गजलकारों का सम्मान किया जायेगा। साथ ही दो पुस्तकों का विमोचन भी होगा। डॉ. किरण पांचाल की गजल संग्रह जिगर का टुकडा और डॉ. लीला धूलधोये मोरे की पुस्तक स्वर्णिम आविष्कार। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रामजीलाल प्रजापति होंगे। अध्यक्षता करेंगे बाराबंकी के प्रताप नारायण मिश्र। विशेष अतिथि होंगे जगदीश पचौरी, अशोक दिवेदी एवं डॉ,लीला धूलधोये मोरे।

## संस्था मातृभूमि ने किया निर्धनों को गर्म कपड़ों का वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नर सेवा ही नारायण सेवा हैं को चरितार्थ करते हुए संस्था मातृभूमि ने निर्धनों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। संस्था अध्यक्ष सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था द्वारा निराश्रित, बुजुर्गों को ठण्ड के मौसम में गर्म कपड़े वितरण का अभियान शुरू किया गया हैं। जिसका श्रीगणेश बापट चौराहा स्थित श्री सुखेश्वर महादेव धाम भारत माता मंदिर पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित समाजसेवीयों की मौजूदगी में किया गया। इस वर्ष संस्था द्वारा 2100 कंबल बाटने का लक्ष्य रखा गया हैं। संस्था का यह 11 वा वर्ष हैं। रविवार को आयोजित सेवा कार्य में चंद्रकांत कुंजीर जी, जय सिंह ठाकुर , ओम पानेरी , अनु जादौन , हरी मामा , नप्पू मंडलोई , कन्हैया पंडित, डीपी राय , प्रदीप द्विवेदी लाला, रुद्र ठाकुर , रंजीता बमोरिया, खुशी जैन, रजनी डामर , अनुराधा सिसोदिया , पूजा वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## युवा ही देश की तस्वीर को बदल सकता है : भंडारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हम युवा ही देश की तस्वीर को बदल सकते है। युवाओ मे एन सी सी केडेट्स का होना सौभाग्य की बात हो होती है। ये विचार मशहूर जर्नलिस्ट एवं जन की बात के फाउंडर अध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने ओरियंटल यूनिवर्सिटी में आयोजित सयुक्त वार्षिक शिविर में विजय दिवस के मौके पर एनसीसी केडेट्स को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । भंडारी ने विजय दिवस को याद करते हुए आगे कहा कि किस तरह से पाकिस्तान सेना ने हमारी भारतीय सेना के आगे घुटने टेके थे, उसे पढ़ना चाहिए। इस अवसर पर फील्ड मार्शल सेम मानेकशॉ के कहे गए वाक्य जान से ज्यादा बढ़कर वर्दी की इज्जत है को उन्होंने याद कराते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिविर के कैंप कमांडेंट करनाल अमरजीत सिंह राणा ने भंडारी का परिचय दिया एवं भंडारी द्वारा दिए गए व्याख्यान को सराहा एवं कैडेट्स को सीख लेने की बात कही। शिविर की ओर से सीनियर कैडेट्स ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम की जानकारी एवं संचालन शिविर प्रशिक्षण अधिकारी निर्मल मेडतवाल ने किया। इस अवसर पर कैंप एडज्यूटेंट मूलचंद चौहान ,प्रतीक मिश्रा, एसडीएम राकेश झा,एसडीएम ओमप्रकाश एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पटवारी को खुद राहुल गांधी ने फोन करके पीसीसी चीफ बनाए जाने की जानकारी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए हैं। पटवारी को खुद राहुल गांधी ने शनिवार सुबह 10 बजे फोन करके PCC चीफ बनाए जाने की जानकारी दी थी। नियुक्ति पत्र रात 8 बजे जारी हुआ।**



राजनीतिक जानकारों के मुताबिक जीतू को राहुल गांधी का करीबी, आक्रामक छवि, युवा और किसान नेता होने का फायदा मिला है। हालांकि वे इस बार के विधानसभा चुनाव में राऊ सीट से हार गए थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष जमुना देवी के भतीजे गंधवानी विधायक उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है, जबकि हेमंत कटारे उप नेता बनाए गए हैं। जीतू अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), उमंग आदिवासी और हेमंत ब्राह्मण वर्ग से आते हैं। सूत्रों ने बताया कि दो दिन पहले से ही इस बदलाव की कवायद शुरू हो गई थी। कांग्रेस हाईकमान ने जातीय समीकरण देखते हुए ये फैसला लिया है। प्रदेश कांग्रेस के दोनों बड़े पद मालवा-निमाड़ के नेताओं को दिए गए हैं। इसी रीजन में विधानसभा की 66 सीटें आती हैं। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव के मुकाबले 2023 में यहां बहुत खराब प्रदर्शन किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर जीतू पटवारी ने राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेताओं और युवाओं के सहयोग से ही मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आने वाले समय में कांग्रेस के विचार को कैसे सामूहिक नेतृत्व के साथ घर-घर पहुंचाना है, मैं इस भावना को जानता हूं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की परफॉर्मेंस अच्छी रहे, यह हमारे सामने बड़ी चुनौती है। इसका एहसास मेरे साथ कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को है।

### क्यों चुना गया, कारण ये

1. जीतू पटवारी बड़े अंतर से चुनाव हारे हैं, इसके बावजूद नई जिम्मेदारी की वजह राहुल गांधी की पसंद माना जा रहा है।
2. उमंग सिंघार को मालवा-निमाड़ का बड़ा आदिवासी नेता माना जाता है। वे आदिवासी सीट गंधवानी (जिला धार) से कभी नहीं हारे।
3. हेमंत कटारे ग्वालियर-चंबल के ब्राह्मण चेहरे हैं।
4. तीनों युवा नेताओं की नियुक्ति ने कांग्रेस की लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लाइन एक हद तक साफ कर दी है।

# शहर के यातायात प्रबंधन में नंबर वन बनाने में किया प्रयास

## सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात हेतु किया कार्य

### शहर के विभिन्न चौराहा के लेफ्ट करने के साथ ही किया सौंदर्यकरण का कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महापौर इंदौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के इंदौर को ट्राफिक में न.1 बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में कमिश्नर नगर निगम इंदौर श्रीमती हर्षिका सिंह एवं यातायात प्रभारी श्री राकेश जैन के दिशा निदेर्शानुसार वर्ल्ड बैंक वित्पोषित ३ अंतर्गत नगर पालिक निगम इंदौर एवं मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा देवास नाका एवं लैंटर्न चौराहे के ब्लैक स्पॉट परिशोधन एवं विकास का कार्य किया गया है। जिसमे आइलैंड निर्माण कर ट्रैफिक चैनेलाइजिंग तथा फ्री लेफ्ट टर्न निर्माण, रोड सेफ्टी इक्विपमेंट लगाना,जेब्रा क्रॉसिंग व अन्य रोड मार्किंग कार्य के साथ साथ पोधा रोपण करते हुए चौराहे के सौन्दर्यकरण के कार्य किए गए है। जिसमे राशी रु 1.5 करोड़ का व्यय हुआ है। जिससे उक्त चौराहों पर यातायात सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित हुआ है।

### कटाक्ष




# रिश्तों में रूप रंग के साथ संस्कार शिक्षा एवं गुणों को भी देखना चाहिए

### अग्रसेन सोशल ग्रुप के दो दिवसीय अ भा अग्रवाल युवा परिचय सम्मेलन का शुभारम्भ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का शुभारंभ राजीव गांधी चोराहा स्थित द मीरा गॉर्डन में महामंडलेश्वर चेतन स्वामीजी ,वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम चंद गोयल , टीकम गर्ग , विष्णु बिंदल ,राजेन्द्र गर्ग ,समर्पण, जगदीश गोयल बाबाश्री के मुख्य आतिथ्य में युवती प्रत्याशियो द्वारा किया गया। चैतन्य स्वामी जी ने कहा रिश्तों में रूप रंग के साथ संस्कार शिक्षा एवं गुणों को भी देखना चाहिये। ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग, संचालक शिव जिन्दल, अध्यक्ष संजय मंगल ने बताया की आज सम्मेलन में पहले दिन 275 से अधिक युवा प्रत्याशियो ने मंच से बेबाकी से परिचय दिया। परिचय देने वाले अधिकांश उच्च शिक्षित प्रत्याशियो ने पसंद में भी जॉब करने वाला जीवन साथी को प्राथमिकता बताया। सम्मेलन में जहाँ पालक 22 वर्षीय युवती के लिए योग्य दूल्हा ढूंढ रहे थे , वही 42 वर्षीय अविवाहित युवक के लिए भी दुल्हन की तलाश सम्मेलन स्थल पर हो रही थी। मिलन संपर्क समिति के प्रमुख विनोद गोयल, निरंजन गुप्ता, एस आर गुप्ता ने बताया की 20 से अधिक संबंधों पर प्राथमिक सहमति बन रही हैं।

# इस वर्ष बिजली कंपनी ने सवा लाख नए कनेक्शन सर्व किए

### ◆इंदौर जिले में सर्वाधिक 48 हजार कनेक्शन प्रदान किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नए सर्विस कनेक्शन प्राथमिकता के साथ प्रदान कर रही है। इस वर्ष कंपनी स्तर पर सवा लाख कनेक्शन सर्व किए गए है। इसमें से सबसे ज्यादा इंदौर जिले में अड़तालिस हजार कनेक्शन प्रदान किए गए है। सबसे ज्यादा घरेलू कनेक्शन ही रहे हैं। बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मालवा निमाड़ में वर्ष 2023 के प्रथम तीन माह यानि जनवरी से मार्च के बीच करीब पच्चीस हजार एवं अप्रैल से 10 दिसंबर तक एक लाख नए बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए है। वर्ष के दौरान सबसे ज्यादा इंदौर जिले में अड़तालिस हजार कनेक्शन दिए गए। इसमें से शहर में तैंतीस हजार एवं देहात में पंद्रह हजार कनेक्शन शामिल है। श्री तोमर ने बताया कि नए कनेक्शन की मांग में उज्जैन जिला दूसरे स्थान पर बारह हजार, धार जिला तीसरे स्थान पर आठ हजार, खरगोन जिला चौथे स्थान पर साढ़े सात हजार, रतलाम जिला पांचवें स्थान पर सात हजार, मंदसौर छठें स्थान पर छः हजार, देवास जिला कंपनी में सातवें स्थान पर साढ़े पांच हजार नए कनेक्शन के साथ रहा। अन्य जिलों में भी तीन से पांच हजार नए कनेक्शन मांग के अनुरूप समय पर प्रदान किए गए है। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी के इंदौर, देवास, उज्जैन, रतलाम, पीथमपुर, धार, खंडवा, बुरहानपुर, मंदसौर आदि शहरों में नए कनेक्शन की मांग अन्य की तुलना में अपेक्षाकृत ज्यादा रही।

# एनआरआई समिट में मेहमानों ने खाए पोहे, देखा स्क्रैप से बना राम मंदिर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। विदेशों में बसे इंदौरी रविवार को एनआरआई समिट के मौके पर एक दूसरे से मिले। सुबह उन्होंने पोहे खाए और शाम को समिट में इंदौर के विकास के मुद्दे पर बातचीत की।**

पिछले साल प्रवासी सम्मेलन के दौरान तय हुआ था कि विदेशों में बसें इंदौरियों की हर साल समिट होगी। इसके बाद रविवार को दूसरी एनआरआई समिट का आयोजन मेयर पुष्य मित्र भार्गव की अगुवाई में हुआ। उन्होंने सुबह राम मंदिर विश्राम बाग में पोहा जलेबी पार्टी का आयोजन किया। जिसमें दुनिया के





28 देशों के साथ दुबई, अबू धाबी, शिकागो, सेन फ्रांसिस्को, जापान, युएसई से इंदौर पहुंचे एनआरआई शामिल हुए। इस अवसर पर बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर और दुनिया से जुड़े विभिन्न विषयों से उनसे संवाद किया। पार्टी में सभी एनआरआई ने पोहा जलेबी का स्वाद लिया, महापौर भार्गव ने खुद एनआरआई को पोहे परोसे और सभी ने साथ में पोहा पार्टी का आनंद लिया। इसके बाद एनआरआई ने 21 टन लोहे के स्क्रैप से बने राम मंदिर को भी देखा। विजयवर्गीय ने इस मौके पर कहा कि इंदौर मिलों का शहर था, लेकिन अब आईटी हब बन चुका है। 100 से ज्यादा कंपनियां इंदौर में है। इंदौर संभावना वाला शहर है। यहां निवेश फायदेमंद साबित होगा। मेयर भार्गव ने कहा कि इंदौर रहने लायक शहर है। सफाई के बाद शुद्ध हवा में भी इंदौर आगे है। उन्होंने बताया कि स्क्रैप से राम मंदिर हमने वेस्ट आर्ट और वेस्ट टू वेल्थ का संदेश देने के लिए बनाया है। पोहा पार्टी में शामिल मेहमानों ने भी इंदौर की स्वच्छता की दिल खोल कर प्रशंसा की।

## लापता भाजपा बूथ अध्यक्ष को चार दिन में ढूंढेगी पुलिस

### धरने पर बैठे पार्षद को दिया आश्वासन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। विधानसभा चुनाव के दौरान लापता हुए बूथ अध्यक्ष को चार दिन में तलाश लिया जाएगा। यह आश्वासन वार्ड 64 के पार्षद और मेयर इन कौंसिल सदस्य मनीष शर्मा(मामा) को भंवरकुआ थाने के सहायक पुलिस आयुक्त देवेन्द्रसिंह धुर्वे ने दिए। पार्षद ने सुबह 10.30 बजे गुमशुदा युवक के परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ दो घंटे मौन धरना प्रदर्शन किया था। आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।**

### क्या था मामला

भंवरकुआ थाना क्षेत्र के भाजपा बूथ 155 के अध्यक्ष राजेश पाटीदार 8 दिनों से लापता है। इस मामले में थाना प्रभारी ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की थी। वहीं, विधानसभा चुनाव के दौरान अभिनव नगर में उज्जवल शर्मा के होस्टल से 10 पेटी शराब जब्त की थी। इस मामले में भी पुलिस का रवैया ढुलमुल बना हुआ था। थाना प्रभारी राजकुमार यादव द्वारा जनप्रतिनिधियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। थाना प्रभारी का फोन कई बार बंद रहता है, जिससे अपराध संबंधी जानकारी देना मुश्किल हो जाता। बूथ अध्यक्ष के परिजन भी टीआई से लापता युवक को ढूंढकर लाने के संबंध में गुहार लगा चुके हैं। धरना स्थल पर ललित यादव प्रदीप गड़वाल राजू बोरासी रेखा बोरासी देविका कोशल मुन्ना पेरोलिया विकाश मिश्रा राजा हार्डिया सचिन बुढ़ाना पाटीदार के परिजन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मादक पदार्थ की तस्करी के तीन आरोपियों को 15 साल की कठोर सजा

### तीनों तस्करों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। मादक पदार्थ (गांजे) की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को विशेष न्यायालय ने 15-15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता देखते हुए तस्करों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है।**

एक अक्टूबर 2022 को डीआरआइ को सूचना मिली थी कि देवास की ओर से आ रहे ट्रक डब्ल्यूबी 11 डी 4596 में 500 किलो गांजा तस्करी कर ले जाया जा रहा है। डीआरआइ की टीम ने नाकेबंदी की और राऊ चौराहे पर ट्रक को पकड़ लिया। जांच करने पर ट्रक के गुप्त कैबिन में 14 प्लास्टिक के बोरे में रखा 423.84 किलो गांजा जब्त हुआ।

### ट्रक के ड्राइवर-क्लीनर कर रहे थे तस्करी

पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर सुधीर पिता सनातन बारिक निवासी भुवनेश्वर और क्लीनर अर्जुन पिता सुकून प्रधान निवासी खोरड़ा ओड़िशा को गिरफ्तार कर लिया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक चंदन एरन ने पैरवी की। विशेष न्यायाधीश पंकज यादव ने प्रकरण में फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपितों को सजा सुनाई।

### ट्रक के गुप्त कैबिन में छुपा रखा था गांजा

इधर विशेष न्यायालय ने एक अन्य तस्कर को भी 15 वर्ष की सजा सुनाई। उसका नाम सुकंता पिता शत्रुघ्न नायक निवासी गंजम ओडिशा है। 7 जनवरी 2023 को ट्रक टीएस 05 यूसी 5589 भोपाल की तरफ जा रहा है। डीआरआइ ने इसकी जांच की तो इसमें 700 किलो गांजा मिला। ट्रक ड्राइवर सुकंता ने ट्रक में गुप्त कैबिन बनाकर 24 बोरों में 729.9 किलोग्राम गांजा छुपा रखा था।

## इंदौर और महू को मिला ईट राइट स्टेशन का प्रमाणन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। स्वच्छता में नंबर वन इंदौर के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई। इंदौर और महू रेलवे स्टेशन को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने ईट राइट स्टेशन का प्रमाणन दिया है। यह प्रमाण पत्र दो साल के लिए मान्य होगा। दोनों स्टेशनों पर खाद्य सामग्री एफएसएसएआइ के तय मानकों के अनुसार पाई गई, इसलिए ईट राइट स्टेशन की श्रेणी में स्टेशनों को शामिल किया गया।**



रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को स्टेशनों पर पैक और खुली खाद्य सामग्री मिलती है। रेलवे द्वारा खानपान के लिए स्टाल का आवंटन किया जाता है। इन पर मिलने वाली सामग्री कितनी पौष्टिक और सुरक्षित है, इसके लिए हाल ही में एफएसएसएआइ ने सर्वे कराया था। इसके मानकों पर इंदौर और महू रेलवे स्टेशन पर मिलने वाली खाद्य सामग्री अव्वल पाई गई। तय मापदंडों पर खरा उतरने पर दोनों स्टेशनों को खानपान की बेहतर गुणवत्ता के लिए ईट राइट स्टेशन का प्रमाणन दिया गया है। गौरतलब है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ईट राइट स्टेशन प्रमाणन उन स्टेशनों को प्रदान किया जाता है, जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक आहार प्रदान करते हैं। ईट राइट भारत सरकार का अभियान है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के चार स्टेशन ईट राइट स्टेशन की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। रतलाम मंडल के नागदा और उज्जैन स्टेशन को ईट राइट स्टेशन का प्रमाणन गत वर्ष दिया गया था, जबकि इंदौर और महू स्टेशन को 13 दिसंबर को यह प्रमाणन दिया गया है, जो 12 दिसंबर 2025 तक मान्य होगा। इंदौर और महू रेलवे स्टेशन परिसर में दिन में मशीनों से चार बार सफाई होती है, वहीं इंदौर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर कचरे के डस्टबिन रखे गए हैं। खाद्य सामग्री की दुकानों और स्टालों पर सफाई हमेशा रहती है। रेलवे स्टेशन पर बिकने वाली सामग्री की एक्सपायरी समय-समय पर अधिकारियों द्वारा जांची जाती है। दिन में दो बार डस्टबिन की सफाई होती है।

## समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा समग्र पोर्टल पर नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

## सांसद लालवानी की रेल मंत्री से मुलाकात के बाद वरिष्ठ अधिकारी इंदौर पहुंचे

**इंदौर।** पिछले दिनों संसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद रविवार को रेल मंत्रालय के अधिकारी इंदौर पहुंचे। रेलवे के मेंबर इंफ्रास्ट्रक्चर आरएस सुनकर, वेस्टर्न रेलवे के सिविल इंजीनियरिंग के हेड तथा रतलाम डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सांसद लालवानी से मुलाकात की और इंदौर रेलवे स्टेशन का दौरा किया। रेलवे के इन वरिष्ठ अधिकारियों ने इंदौर रेलवे स्टेशन के री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में आ रही तकनीकी समस्याओं के संदर्भ में पूरे रेलवे स्टेशन एवं री डेवलपमेंट एरिया का निरीक्षण किया। साथ ही, लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन और विशेष कर बाणगंगा की तरफ किए जाने वाले डेवलपमेंट के बारे में चर्चा की।

## समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**इंदौर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा समग्र पोर्टल पर नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है।

# एमपी की जनता ने चुनाव में राजघरानों को नकारा

## पिछली बार पूर्व रियासतों से 14 विधायक बने थे, इस बार 9 सदस्य जीते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश की जनता ने इस बार विधानसभा चुनाव में राजघरानों से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों को नकार दिया है। पिछले चुनाव में 14 पूर्व रियासतों के सदस्य विधायक चुने गए थे। 2023 के चुनाव में ये संख्या घटकर 9 रह गई है। 9 में से 6 दोबारा विधायक बने हैं। 3 में से दो पिछला चुनाव हार गए थे, इस बार फिर जीते हैं। एक विधायक ने अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाया है।

इस बार चुनाव जीतने वाले राजपरिवार के सदस्यों में से 6 भाजपा और 3 कांग्रेस से हैं। 2018 के चुनाव में जो 14 सदस्य चुनाव जीते थे, उनमें से 7 हार गए और एक को टिकट नहीं मिला।

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र 18 दिसंबर से शुरू होने वाला है। इस बार विधानसभा में पुराने और नए चेहरों के साथ वो चेहरे भी नजर आने वाले हैं, जो राजपरिवारों से जुड़े हैं और सियासत में रियासत की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। पुष्पराज सिंह रीवा से 1990 से 2003 तक लगातार तीन बार विधायक रहे। अब दिव्यराज रीवा जिले की सिरमौर सीट से तीसरी बार विधायक का चुनाव जीते हैं।

### गायत्री राजे ने संभाली पति की विरासत

तुकोजीराव पवार के निधन के बाद गायत्री राजे पवार ने 2015 में पहला उपचुनाव लड़ा था। इसमें उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश शास्त्री को हराया। इससे पहले तुकोजीराव पवार 1993 से 2015 तक देवास से विधायक रहे। दो बार कैबिनेट मंत्री भी रहे थे। गायत्री राजे तीसरी बार विधायक बनी हैं। गायत्री राजे ग्वालियर के महाडिक परिवार की बेटी हैं, जो सदियों से सिंधिया परिवार का खास रहा है।

### विजय शाह ने हरसूद से लगातार 8वां चुनाव जीता

खंडवा जिले की इस रियासत का इतिहास 700 साल से भी ज्यादा पुराना है। यहां के आखिरी राजा देवी शाह थे। देवी शाह के मंझले बेटे विजय शाह ने 1990 में हरसूद से पहला चुनाव लड़ा था। इसके बाद वे लगातार इस सीट से चुनाव जीत रहे हैं। शिवराज कैबिनेट में मंत्री भी रहे। 8वीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

### विक्रम सिंह दूसरी बार विधायक

सतना जिले की रामपुर बघेलान सीट बाघेला राजवंश की रियासत में आती है। इस रियासत के महाराज गोविंद नारायण सिंह 1967 से 1969 तक एमपी के सातवें मुख्यमंत्री रहे। गोविंद सिंह के पांच बेटों में से एक हर्ष सिंह रामपुर बघेलान से 2018 तक विधायक रहे। 2018 में हर्ष सिंह के बेटे विक्रम सिंह को भाजपा ने टिकट दिया। 2023 में विक्रम सिंह दूसरी बार यहां से विधायक बने हैं।

### नागेंद्र सिंह भाजपा के उम्रदराज विधायकों में से एक

नागौद के आखिरी महाराज महेंद्र सिंह थे। महेंद्र सिंह के बेटे नागेंद्र सिंह 1977 में पहली बार विधायक चुने गए। कैबिनेट मंत्री रहे नागेंद्र सिंह खजुराहो से सांसद भी रहे हैं। 2018 के बाद 2023 का चुनाव भी जीते। पहले नागेंद्र सिंह ने उम्र का हवाला देते हुए चुनाव न लड़ने का ऐलान किया था लेकिन बयान देने के 24 घंटे बाद उनके सुर बदल गए। कहा- मेरे चुनाव लड़ने, न लड़ने का फैसला पार्टी करेगी।

### जयवर्धन ने संभाली पिता की विरासत, तीसरी बार विधायक

जयवर्धन सिंह उस राघौगढ़ रियासत से आते हैं, जो एमपी की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय है। 1673 में राघोगढ़ रियासत के राजा खिची वंश के राजपूत लाल सिंह थे। रियासत के 11वें राजा बलभद्र सिंह के बाद उनके बेटे और मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह रियासत के राजा बने।

1969 में दिग्विजय सिंह राघोगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष और 1977 में पहली बार विधायक बने। 1993 से 2003 तक वे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। दिग्विजय के बेटे जयवर्धन 2013 से लगातार विधायक हैं।

### अभिजीत ने अपने ही चाचा को मात दी

खंडवा जिले की इस रियासत के आखिरी राजा देवी शाह के 4 पुत्र थे। अजय, विजय, धनंजय और संजय शाह। अभिजीत सबसे बड़े बेटे अजय शाह के बेटे हैं। अभिजीत ने अपने चाचा संजय शाह को 2023 के चुनाव में 950 वोट से हराया है। इन दोनों का मुकाबला 2018 में भी हुआ था, तब अभिजीत 2213 वोट से चुनाव हार गए थे।

### अजय सिंह एक बार फिर चुनाव जीत गए

सीधी जिले के चुरहट राजघराने के आखिरी महाराज राजा शिव बहादुर सिंह थे। पुत्र अर्जुन सिंह 1980 में मुख्यमंत्री बने। लगातार चुनाव जीतते रहे। 1988 में दोबारा मुख्यमंत्री बने। केंद्रीय मंत्री भी रहे। साल 2011 में राज्यसभा सदस्य रहते हुए उनका निधन हो गया था।

उनके पुत्र अजय सिंह 1985 में विधायक बने। दिग्विजय सरकार में मंत्री रहे। चुरहट से 6 बार विधायक रहे हैं। दिग्विजय सिंह सरकार में मंत्री भी रहे हैं। 2017 से 2018 तक नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। 2018 का चुनाव हार गए थे। इस बार जीत मिली है। इनकी कुल संपत्ति 39 करोड़ 86 लाख 37 हजार 110 रुपए है।

### प्रियव्रत 20 साल की उम्र से राजनीति में हैं

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर राजघराने का राजनीति में दखल है। प्रियव्रत सिंह 2003 से 2013 तक लगातार 2 बार खिलचीपुर से विधायक रहे। 2018 से 2023 तक भी विधायक रहे हैं। महज 20 साल की उम्र में निर्विरोध जिला पंचायत सदस्य बन गए थे। इस बार हार का सामना करना पड़ा है। 2023 में प्रियव्रत ने कुल 10 करोड़ 52 लाख की संपत्ति बताई है।

### दत्तीगांव को शेखावत ने हरा दिया

बख्तावर सिंह के वंशज राजवर्धन सिंह दत्तीगांव 2018 में कांग्रेस के टिकट पर तीसरी बार विधायक बने। कमलनाथ सरकार में उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस से भाजपा में आए तो दत्तीगांव भी इस्तीफा देकर भाजपा में आ गए। भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीते। इस बार हार का सामना करना पड़ा। इनकी कुल संपत्ति 17 करोड़ 22 लाख रुपए है।

# हाई स्पीड कार ने बाइक सवार को उड़ाया

### फुटबॉल की तरह उछलकर कई फीट दूर जा गिरा युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में हाई स्पीड कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार फुटबॉल की तरह उछलकर कई फीट दूर जा गिरा। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं कार ड्राइवर कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हादसा शनिवार को झांसी रोड पर हुआ, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है।

मृतक की पहचान थाटीपुर के दुल्लपुर के रहने वाले पप्पू खान के रूप में की गई है। वह एक निजी कंपनी में कर्मचारी था और वह प्रॉपर्टी का काम भी करता था। शनिवार को वह घर से झांसी रोड हाईवे पर बरौआ गांव में जमीन देखने आया था। इस दौरान एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद वह रोड क्रॉस कर रहा था। तभी झांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया।

**ड्राइवर कार छोड़कर भागा-** हादसे के बाद घबराया कार चालक कार को छोड़कर भाग गया। आशंका है कि टक्कर के बाद कार खराब हो गई होगी। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बाघ कुएं में गिरा

### काफी देर तक तैरता रहा, थकने पर डूबने से मौत

**छिंदवाड़ा।** जिले में रविवार सुबह कुएं में गिरने से बाघ की मौत हो गई। मामला पांढुर्णा विकासखंड में बड़चिचोली के जूनापानी गांव का है। किसान जब्बार खान आज सुबह खेत में पानी लगाने के लिए कुएं की मोटर चालू करने पहुंचा, तभी उसने बाघ को अंदर छटपटाते हुए देखा। उसने फॉरेस्ट टीम को इसकी जानकारी दी। जूनापानी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र बॉर्डर पर है। दोनों राज्यों की टीम मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वह काफी देर से तैरते हुए थक चुका था।

# मां बोली- बेटा बेगुनाह, वह जान बचाना चाहता था

## जज की कार छीनने वाले के पिता का ऑपरेशन हुआ, बेटे के जेल जाने से अनजान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। शिवपुरी की पीके यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. रणजीत सिंह यादव की जान बचाने के फेर में दो स्टूडेंट्स को जेल जाना पड़ा। उन पर डकैती का केस दर्ज किया गया है। इनमें से एक छात्र शिवपुरी का रहने वाला है। इकलौते बेटे के जेल जाने की सूचना पिता को नहीं दी गई है।**

पिता के ब्रेन का ऑपरेशन हुआ है। अब बेटी ही सबकुछ कर रही है। मां का कहना है कि जज साहब बेटे को माफ कर दें, उसने किसी की जान बचाने के लिए यह सब किया है।

दरअसल, सोमवार 11 दिसंबर को तड़के 4 बजे ट्रेन में हार्ट अटैक आने पर कुलपति की जान बचाने के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाने हिमांशु श्रोत्रिय और सुकृत शर्मा ने हाईकोर्ट जज की कार छीनी थी। मामले में उन पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट ने जमानत भी खारिज कर दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीजीपी से कहा कि युवकों पर डकैती की धारा लगाना न्यायोचित नहीं लगता। वे आपराधिक पृष्ठभूमि के नहीं हैं। युवकों ने मानवीय दृष्टि से तो सही कार्य किया, लेकिन उनका तरीका गलत था। संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए जांच के पश्चात कार्यवाही करना ठीक होगा, इसलिए जांच कराएं।

मंगलवार को जेल भेजे गए दोनों लॉ छात्रों की रात वहीं गुजरी। बुधवार सुबह बुखार आने और घबराहट होने की शिकायत पर जेल प्रबंधन ने उन्हें ग्वालियर में न्यू जेएएच के आईसीयू में भर्ती कराया।

### मां बोली- उन्हें नहीं पता था, कार किसकी है

शिवपुरी के टीवी टॉवर के रहने वाले सुकृत शर्मा की मां अंजना शर्मा ने कहा- बेटा दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल होने दिल्ली गया था। सम्मेलन में शामिल होकर 14 साथियों के साथ रविवार रात दिल्ली से दक्षिण एक्सप्रेस से ग्वालियर के लिए रवाना हुए थे। आगरा के पास रात में अचानक शोर हुआ। पता चला कि कोच में कोई व्यक्ति बेहोश हुआ है।

## मप्र पीएससी प्रीलिम्स परीक्षा

# 1823 परीक्षार्थियों में 446 रहे अनुपस्थित, विचाराधीन बंदी भी हुआ शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन। रविवार को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। इस परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर बनाए गए। सात केंद्रों पर 1823 परीक्षार्थी दर्ज थे। इस दौरान सभी परीक्षार्थियों की जांच करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यर्थियों के गले से ताबीज बालों में बांधने वाले वक्कल, क्लचर उतरवा लिया गया। वहीं पुरुष परीक्षार्थियों को भी इस जांच से गुजरना पड़ा उन्हें बेल्ट, जूते, मोजे उतारकर ही प्रवेश दिया गया।**



### दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा

दो पालियों में हुए प्रश्न-पत्र परीक्षा का पहला चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुआ। जबकि दूसरी पाली में दोपहर 2 बजकर 15 बजे से 4 बजकर 15 बजे तक हुई। परीक्षा शुरू होते ही कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे, एडीएम अभिषेक दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, तहसीलदार सरोज अग्निबंशी, ने केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखी।

### विचाराधीन बंदी ने भी अधिकारी बनने दी परीक्षा

राज्य सेवा और वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में एक विचाराधीन बंदी भी शामिल हुआ। इस बंदी ने शहर के प्रेसीडेंसी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दी। यह परीक्षा देने के लिए विचाराधीन बंदी बृजेंद्र मालवीय ने कोर्ट से अनुमति ली थी। कोर्ट के निर्देश पर जेल प्रशासन ने उसे परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचाया। विचाराधीन बंदी के साथ एक चार का गॉर्ड आया था। जो परीक्षा शुरू होने से लेकर समाप्ति तक उसके साथ रहा। परीक्षा करवाने के बाद एक-चार का गार्ड उसे वापस जेल लेकर पहुंचा। हथकड़ी पहने ही विचाराधीन बंदी ने अपनी परीक्षा दी। इस विचाराधीन बंदी को हत्या के मामले में इटारसी से यहां पर परीक्षा दिलवाने के लिए लाया गया था।

New Delhi

# कोरोना फिर उठा रहा सिर? उत्तर प्रदेश समेत देश में 5 मौतें, डब्ल्यूएचओ ने भी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में एक बार फिर कोरोना अपने पैर पसार रहा है। भारत के विभिन्न राज्यों में कोरोना केसों में उछाल देखने को मिला है। कोविड-19 संक्रमण के नए वेरिएंट जेएन-1 की केरल में पुष्टि के बाद सरकार देशभर में अलर्ट मोड पर है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 335 नए मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, यूपी और केरल में कोरोना से पांच लोगों की मौत हुई है। उधर, डब्ल्यूएचो भारत समेत कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों से चिंता में है। उसने एडवाइजरी जारी करते हुए देशों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है।



देश में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने शुरू हो गए हैं। हाल ही में केरल में कोरोना के सबसे नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद केरल सरकार ने राज्य भर में स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट जारी किया था। केंद्र सरकार भी कोरोना केसों में उछाल से चिंतित है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपडेट किया है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना के 335 नए केस आए हैं। इससे एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है।

देश में पिछले 24 घंटे में सिर्फ कोरोना केसों ने ही चिंता नहीं बढ़ाई है। कोरोना के कारण पिछले 24 घंटे में पांच लोगों की मौत भी हुई है। केरल में चार जबकि यूपी में एक मौत की सूचना है। कोविड-19 से 5,33,316 लोगों की मौत हो चुकी है कोरोना के कारण देश में मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ (4,44,69,799) है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत आंकी गई है।

Maharashtra

## महाराष्ट्र : नासिक-पुणे हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, कार पर पलटा ट्रक, 4 लोगों की मौत

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के नासिक-पुणे हाईवे पर रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया. अहमदनगर जिले के संगमनेर तालुका के चंदनापुरी गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहा एक ट्रक कार पर पलट गया है. हादसे में कार में सवार 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. सभी मृतक अकोले तालुका के रहने वाले बताए गए हैं. पुलिस के मुताबिक अहमदनगर जिले के संगमनेर तालुका के चंदनपुरी गांव के पास एक टोयोटा इटियोस कार और एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गए. ट्रक की रफ्तार तेज होने के चलते चालक संभल नहीं सका और ट्रक कार के ऊपर पलट गया. ट्रक में लोहे के पाइप ले जाए जा रहे थे. हादसे के बाद ट्रक से कई पाइप नासिक-पुणे हाईवे पर गिर गए. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार है. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और कार सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया. हालांकि डॉक्टरों ने पांच में से चार को मृत घोषित कर दिया. वहीं एक महिला घायल है, जिसका इलाज जारी है. मृतकों के नाम ओजस्वी धरंकर (उम्र 2), आशा सुनील धरंकर (उम्र 42), सुनील धरंकर (उम्र 65), अभय सुरेश विशाल (उम्र 48) हैं. वहीं घायल महिला का नाम अस्मिता बताया गया है.

Rajasthan

## हाथ-पैर बांधे, गले में डाला फंदा फिर कुएं में लटकाया... राजस्थान में लड़के की निर्मम हत्या

**टोंक, (एजेंसी)** राजस्थान के टोंक में तेरह साल के छात्र की कुछ लोगों ने हत्या कर दी. छात्र का शव कुए में फांसी के फंदे पर लटका मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस का कहना है कि जयपुर से पुलिस का खोजी कुत्ता भी बुलाया गया है. जल्द ही आरोपी का पता चल जाएगा और उसे गिरफ्तार किया जाएगा. मामला मेहंदवास थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा का है. यहां का रहने वाला छात्र अमरीश शनिवार शाम स्कूल से आने के बाद साइकिल से अपने खेत से बेर तोड़ने की बात कहकर घर से निकला था. रात 8 बजे तक अमरीश घर नहीं लौटा, तो परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंच गए. वहां देखा कि अमरीश के दोनों हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे और शव कुएं में फांसी के फंदे पर लटका था.

Uttarakhand

## रिश्ते हुए तार-तार : सौतेले पिता ने 12 साल की बेटी से किया दुष्कर्म, पीड़िता ने सुनाई आपबीती, आरोपी गिरफ्तार



**ऊधम सिंह नगर, (एजेंसी)** किच्छा में रिश्ते को तार तार करते हुए सौतेले पिता ने 12 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि किसी को इस बारे में बताने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। गुमसुम रहने पर मां ने उससे कारण पूछा तो उसने आपबीती बताई। कोतवाली पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह मूलरूप से यूपी के पीलीभीत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। वह अपने दूसरे पति के साथ क्षेत्र के एक गांव में रहती है। उसकी 12 साल की बेटी है। उसके दूसरे पति ने उसकी नाबालिग बेटी से कई बार दुष्कर्म किया और विरोध करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ ओमप्रकाश का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

खेल

## भारत पांच साल बाद दक्षिण अफ्रीका में वनडे जीता

### अर्शदीप-आवेश के बाद सुदर्शन और अय्यर ने किया कमाल

**जोहानिसबर्ग, (एजेंसी) भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत से शुरुआत की है। उसने अफ्रीकी टीम को हराकर सीरीज में 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मैच 19 दिसंबर को गकबेराह में खेला जाएगा। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और आवेश खान की जोड़ी ने कहर बरपा दिया। दोनों ने मिलकर नौ विकेट लिए। पांच विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इनदोनों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन ने डेब्यू मैच में अर्धशतक लगाकर मैच को समाप्त किया। श्रेयस अय्यर ने भी अर्धशतकीय पारी खेली।**





जोहानिसबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। उनकी टीम 116 रन पर सिमट गई। जवाब में टीम इंडिया ने 16.4 ओवर में 117 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पांच साल बाद उसके घरेलू मैदान पर वनडे में हराया। 2018 में सेंचुरियन के मैदान पर टीम इंडिया को पिछली जीत मिली थी। उसके 2022 में लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

भारत की पारी में 200 गेंद बाकी रह गए। वनडे में गेंद शेष रहते हुए दक्षिण अफ्रीका की यह दूसरी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले 2008 में इंग्लैंड ने नॉटिंघम में 215 गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जीत लिया था। वहीं, गेंद शेष रहते हुए भारत की यह चौथी बड़ी जीत है। 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 263 गेंद, 2001 में केन्या के खिलाफ 231 और 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 211 गेंद शेष रहते भारत ने मैच को जीत लिया था।

दक्षिण अफ्रीका से मिले 117 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में लगा। वह चौथे ओवर में पांच रन बनाकर वियान मुल्डर का शिकार बने। उनके आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर क्रीज पर आए। अय्यर ने आक्रामक रवैया अपनाया। इससे सुदर्शन को आराम से खेलने का मौका मिल गया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। अय्यर 111 रन के स्कोर पर आउट हुए। वह मैच को फिनिश नहीं कर पाए। अय्यर ने 45 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। उन्होंने छह चौके और एक छक्का लगाया। सुदर्शन 43 गेंद पर 55 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने नौ चौके लगाए। तिलक वर्मा एक रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर और एंडिले फेहलुकवायो ने एक-एक विकेट लिए।

सिनेमा

◆सुपरस्टार रणबीर कपूर ने जमाई धाक

## शाहरुख-सनी की फिल्मों से पहले 500 करोड़ क्लब में पहुंची 'एनिमल'

'एनिमल' ने रणबीर कपूर को बॉलीवुड का वो सुपरस्टार बना दिया है, जिसके लिए वो हमेशा से मजबूत दावेदारी पेश कर रहे थे. बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन से रिकॉर्डतोड़ कमाई के साथ शुरुआत करने वाले चेहरों में अब रणबीर का नाम भी शामिल है. संदीप रेड्डी वांगा के साथ रणबीर के कॉम्बिनेशन ने जनता को ऐसा क्रेजी बनाया है कि तीसरे वीकेंड में भी थिएटर्स में भीड़ लगातार बनी हुई है. इस शानदार क्रेज का असर ये है कि 'एनिमल' के बाद एक रिकॉर्ड बनाए जा रही है. पहले दो वीकेंड में फिल्म ने जबरदस्त कमाई की थी और अब रविवार की ट्रेड रिपोर्ट्स बता रही हैं कि 'एनिमल' का तीसरा वीकेंड भी बॉक्स ऑफिस पर सॉलिड कमाई लेकर आया. 17वें दिन भी 'एनिमल' के शोज को अच्छी खासी ऑडियंस मिली. ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि शनिवार को 12.8 करोड़ के नेट कलेक्शन के बाद, रविवार भी फिल्म के लिए सॉलिड जंप लेकर आया. रणबीर की फिल्म ने अपने तीसरे रविवार को बॉक्स ऑफिस पर 15-16 करोड़ रुपये की रेंज में कलेक्शन किया है. शुक्रवार को फिल्म ने नए वीकेंड की शुरुआत 8.3 करोड़ कमाकर की



थी. तीसरे वीकेंड में 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर 36-37 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. दूसरे वीकेंड में कमाए 93.6 करोड़ के मुकाबले, तीसरे वीकेंड में आई कमी 60% के करीब ही है, जो आगे बढ़ती फिल्म के लिए आइडियल सिचुएशन है.

## संपादकीय

### पारदर्शिता अपनाने की जरूरत

पिछले कुछ समय से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी के चलते अनेक कामों में बाधा आ रही है। ऐसे में सरकार के लिए यह एक सही रास्ता नजर आया होगा कि विधायक निधि में बढ़ोतरी करके लोगों में अधिक से अधिक काम के जरिए अपनी साख मजबूत की जा सकती है। मगर इसके लिए इरादे नेक होने बहुत जरूरी हैं। पहले ही उसकी कई योजनाएं अनियमितता के आरोपों से घिरी हुई हैं। विधायकों और सांसदों के लिए अलग से निधि की व्यवस्था करने से इसका लाभ भी नजर आया। मुहल्लों की टूटी सड़कों, नालियों, पुलिया, पार्कों में व्यायाम-विश्राम के लिए कुछ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि में आसानी हो गई। इन कार्यों से लोगों में उत्साह के मद्देनजर और वक्त की बदलती जरूरतों के मुताबिक समय-समय पर सांसद और विधायक निधि में बढ़ोतरी भी की जाती है। अभी दिल्ली सरकार ने विधायक निधि की रकम चार करोड़ से बढ़ा कर सात करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि इससे विधायक अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों का विस्तार कर सकेंगे। इस वित्तवर्ष में बढ़ी हुई राशि के केवल करीब आधे हिस्से यानी सौ करोड़ का आबंटन किया जाएगा। बाकी एक सौ बीस करोड़ रुपए अगले वित्तवर्ष में आबंटित किए जाएंगे। निश्चय ही विधायक निधि बढ़ने से दिल्ली में कुछ बेहतर कामकाज की उम्मीद जगी है। मगर जबसे जन प्रतिनिधियों के लिए विकास निधि के आबंटन की व्यवस्था की गई, तभी से इसमें अनियमितताओं की शिकायतें भी मिलती रही हैं। सांसद, विधायक और पार्षद भी किन्हीं ठेकेदारों, एजंसियों, स्वयंसेवी संगठनों आदि की मदद से अपने इलाकों की समस्याओं, शिकायतों को दूर करने का प्रयास करते हैं। सब जानते हैं कि उनमें कमीशनखोरी चलती है। कई मामलों में अपने करीबी लोगों को उपकृत करने की कोशिशें भी देखी जा चुकी हैं। इसलिए लंबे समय से इस निधि के उपयोग में पारदर्शिता लाने की मांग की जाती रही है। आम आदमी पार्टी अपने कामकाज में ईमानदारी और पारदर्शिता का दावा करते नहीं थकती। मगर विधायक निधि के उपयोग में वह इस पैमाने पर कितनी खरी उतरती है, देखने की बात है। जनप्रतिनिधि अपने हिस्से की निधि का इस्तेमाल अक्सर अपना राजनीतिक जनाधार मजबूत करने के मकसद से भी करते देखे जाते हैं। वे अपने किए कामों पर अपने नाम की पट्टी चिपकाने और उनका ढिंढोरा पीटने से परहेज नहीं करते। आम आदमी पार्टी के विधायक भी इससे अलग नहीं माने जा सकते। कई मौकों पर देखा जा चुका है कि पार्कों में व्यायाम के लिए उपकरण लगाने का श्रेय लूटने को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद में रस्साकशी हुई।

**अर्ज़ किया है..!**

*इलाज ये है कि मजबूर*
*कर दिया जाऊँ*
*वरना यूँ तो किसी की नहीं*
*सुनी मैं ने*

-जौन एलिया

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**निष्फल होना गुनाह नहीं...**
**निरूत्साहित होना गुनाह है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# क्यों प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़ महिला करने लगी ये काम

## जानिए जीवन से जुड़ी कहानी



देश की कठिन परीक्षाओं में से एक यूपीएससी को पास करना आसान नहीं है। इस परीक्षा को पास करना लगभग हर अभ्यर्थी का सपना होता है। कई बार दिन रात की मेहनत भी साथ नहीं देती। इसलिए कुछ छात्र यूपीएससी पास करने के लिए 10वीं कक्षा से ही इसकी तैयारी करना शुरू कर देते हैं। कई परिश्रमों के बाद जाकर कहीं इसे पास किया जाता है। हालांकि, कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो इंटरनेट की सहायता से भी परीक्षा पास कर लेते हैं। हालांकि, यह बहुत मुश्किल होता है। यूपीएससी पास करना अपने में ही बड़ी उपलब्धि है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो परीक्षा में पास होने के बाद भी वह इस क्षेत्र में नहीं रहते हैं। इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हैं, डॉ तनु जैन हैं। जी हां, जिस नौकरी को पाना किसी का सपना होता है ऐसे में डॉ तनु जैन ने उसे छोड़ दिया। वह एक नई फील्ड में उतर चुकी हैं। आइए उनके इस नए सफर के बारे में जान लेते हैं।

### ◆ दिल्ली में पली बढ़ी हैं डॉ तनु जैन

डॉ तनु जैन ने दिल्ली के कैंब्रिज स्कूल से पढ़ाई की है। वह दिल्ली के सदर इलाके में पली बढ़ी हैं। डॉ तनु जैन ने सिविल सेवा में आने से पहले मेडिकल की पढ़ाई भी की है। उन्होंने सुभारती मेडिकल कॉलेज से बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी की डिग्री को हासिल किया है। फिर ग्रेजुएशन के दौरान उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की।

### ◆ क्यों छोड़ी नौकरी ?

डॉ तनु जैन ने सिविल सेवा के कार्यों के साथ-साथ किताबें लिखने का काम भी जारी रखा। हाल ही में उन्होंने सिविल सर्विसेज की नौकरी छोड़ टीचिंग के प्रोफेशन में जाने का निर्णय लिया था। उनके इस निर्णय ने लोगों के मन में कई तरह के सवालों को उजागर कर दिया है कि, आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया?

### ◆ इसलिए लिए उठाया जोखिम

डॉ तनु जैन तंवर का कहना है कि, यूपीएससी की तैयारी के दौरान उन्होंने काफी संघर्ष किया था। वह कहती हैं 'मैं कैंडिडेट रही हूं, तो जानती हूं कि कहां चूक हो रही है, तो मैंने सोचा कि जिंदगी ने मुझे मौका दिया है तो किसी को तो सही कर सकूं।'' इसके आगे उन्होंने कहा कि, मेरे पति पहले ही सिविल सर्विस में हैं, इसलिए मैं यह रिस्क ले सकती थी। यही सोचकर नई पहल करने का फैसला किया।

### ◆ कई जगहों पर पढ़ाया भी है

डॉ तनु जैन ने बताया कि, सर्विस के दौरान उन्होंने यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम के कई मॉक इंटरव्यू लिए है। साथ ही कई जगहों पर पढ़ाया भी है। इस दौरान उन्होंने अपने भीतर की टीचिंग वाली खासियत का पता चला। इसलिए वह इस फील्ड में उतरी हैं।




1. Xi Jinping won't forget Galwan Valley clash anytime soon: Ex-Army chief Naravane
2. Active GST taxpayers rise 32% in 5 years to 1.4 crore: Govt
3. Everybody is confident, has hope due to PM Modi: Narayana Murthy
4. Are Women Apprehensive To Talk Politics? Here's Their Responses

# UK's BP Plc cuts $40 million in remuneration from ex-CEO Looney over 'misconduct'

**NEW DEIHI, (Agency).** BP Plc's former Chief Executive Officer Bernard Looney will forfeit as much as £32.4 million ($40.6 million) in pay after resigning in September because he lied about his personal relationships with other employees.

"Mr Looney knowingly misled the board," the company said in a statement on Wednesday. "The board has determined that this amounts to serious misconduct."

The 53 year-old Irishman stepped down on Sept. 12 over his failure to fully disclose past relationships with colleagues. He was replaced on an interim basis by Chief Financial Officer Murray Auchincloss, who has been recused from all decision-making related to Looney, the company said

The former CEO will receive no further salary, pension allowance or benefits from the date of his dismissal and will not be paid any annual bonus for the financial year 2023,



according to the statement. Looney becomes the second FTSE 100 boss to lose their bonus in the past month, following NatWest Group Plc's decision to slash the pay of ex-chief Alison Rose by £7.6 million after her resignation.

"I am proud of what I achieved with my colleagues during my time as chief executive officer of BP," Looney said in a statement. "I am disappointed with the way this situation has been handled. And, as I look to the future, I want to simply wish everyone at BP all the very best."

The bulk of the £32.4 million in potential remuneration for Looney was automatically forfeited on immediate effect of his resignation, according to the statement. About 10% of the loss in pay results from the board's decision that Looney should be dismissed for serious misconduct.

BP will also claw back 50% of the cash portion of the bonus paid to him in 2022 and a portion of stock awarded to him through a performance share plan, totaling less than £1 million. The former CEO, who spent his entire career at BP, was originally paid £10 million last year, just exceeding his closest peer, the now-retired Shell Plc CEO Ben van Beurden.

# Motisons Jewellers IPO opens for subscription, trading at ₹120 in grey market

**NEW DEIHI, (Agency)** Jaipur-based jewellery company Motisons Jewellers opened its initial public offering for subscription on Monday, setting a price band of ₹52-55 a share. The subscription will remain open till December 20.

Motisons Jewellers' IPO comprises a fresh issue of 2.74 crore equity shares, but there is no Offer for sale (OFS) component.




Muthoot Microfin IPO opens today. Check live updates

An offer for sale (OFS) is a method in which promoters of public companies can sell their shares and reduce holdings in a transparent manner via the bidding platform for the exchange.

At the upper end of the price band, the IPO will fetch ₹151 crore.

Motisons Jewellers IPO GMP

According to topsharebrokers.com, the grey market premium of Motisons Jewellers IPO is currently trading at ₹120.

A grey market is basically an unofficial stock and applications market. The investors trade for shares before they are officially listed on the stock exchange.

The company is planning to use proceeds from the IPO for debt payment, funding the working capital requirement of the company and a portion will also be used for general corporate purposes.

The investors can bid for a minimum of 250 equity shares and in multiples of 250 equity shares thereafter.

# महिला ने किया 7 साल की बच्ची का अपहरण

## ◆4 लाख रुपए की फिरौती मांगने की तैयारी में थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार इलाके में 7 साल की एक बच्ची रविवार सुबह लापता हो गई। बच्ची के परिजनों ने उसे काफी ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। बाद में परिजन थाने पहुंचे। पुलिस को मामले की जानकारी दी। एसीपी ने तुरंत टीम बनाई। फुटेज तलाशे तो समूह लोन चलाने वाली महिला वहां से बच्ची को ले जाते दिखी।**

इसके बाद सीसीटीवी तलाशे और उसकी लोकेशन ट्रेस कर थाने लाया गया। सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि बच्ची के हाथ पैर बांधकर उसे कमरे में बंद किया है। बाद में पुलिस ने बच्ची को छुड़ाकर परिवार के सुपुर्द कर दिया। घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र के साउथ तोड़ा की है।

इस मामले में पुलिस ने ज्योति कुराडिया नाम की महिला को गिरफ्तार कर बच्ची को उसके घर से बरामद किया। दरअसल पूरी साजिश समूह लोन ना चुकाने को लेकर रची गई। एसीपी देवेन्द्र धुर्वे की बनाई टीम ने बड़ी मुस्तैदी कुछ ही घंटों में बच्ची को ढूंढ निकाला।

समूह लोन संचालित करने वाली ज्योति ने बच्ची की मां को 75 हजार का दो अलग-अलग समूह से लोन करवाया था। ऋण न चुकाने पर लगातार दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से बातचीत चल रही थी। ज्योति को लगा कि वह किसी बच्ची का अपहरण करके फिरौती मांगेगी तो लोन चुका देगी। इसके बाद ज्योति ने 7 साल की बच्ची के अपहरण की योजना बनाई। और मौका देखकर उसका अपहरण कर लिया।

बच्ची को लगातार परिवार के लोग ढूंढ रहे थे। एसीपी देवेन्द्र धुर्वे ने जो टीम बनाई। उसमें बच्ची को एक महिला ले जाती दिखी। जब परिवार को यह फुटेज दिखाए गए तो बच्ची के परिजनों ने कपड़ों से ज्योति नाम की महिला की पहचान की। इसके बाद उसके घर तक टीमें पहुंची। उसे पकडक़र थाने लेकर आ गई। कुछ ही देर में सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बच्ची का अपहरण करना कबूल कर लिया।

ज्योति ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह काफी समय से लोन की किश्तें नहीं चुकाने को लेकर परेशान हो रही थी। उसने बच्ची की मां को कई बार कहा कि उसे लोन वाले परेशान कर रहे है। फिर उसने बच्ची के अपहरण का प्लान बनाया और चार गुना रकम वसूलने की सोची। वह बच्ची के अपहरण के बाद 4 लाख रुपए की फिरौती मांगने का षडयंत्र रच रही थी।

# बदमाशों ने चुराया लाखों का सामान, जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू के दो थाना क्षेत्रों में चोरी की घटना सामने आई है। शहर के किशनगंज थाना क्षेत्र की श्रद्धा रेसीडेंसी में दो सूने मकान पर चोरों ने धावा बोला। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र की में भी सूने मकान के चोरों ने ताले तोड़े। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।**

जानकारी के अनुसार श्रद्धा रेसीडेंसी में रहने वाले विशेष सक्सेना परिवार सहित शनिवार रात इंदौर शादी में गए थे। रविवार को जब घर लौटे तो ताले टूटे पड़े थे और घर का पूरा सामान फैला हुआ था। सक्सेना के घर से चोर 51 हजार रुपए नगद, सोने की अंगूठी, आधा किलो चांदी, एलईडी टीवी सहित अन्य समान ले गए।

वहीं पास में रहने वाले राहुल के घर पर भी चोरों ने धावा बोला। यहां राहुल और उसकी पत्नी नौकरी पर गए थे। जब सुबह घर आकर देखा तो ताले टूटे हुए थे। राहुल के घर से चोर 25 हजार रुपए नगद , चांदी और सोने की अंगूठी ले गए। इधर कोतवाली थाना क्षेत्र की संजय गांधी कॉलोनी में भी सूने मकान में चोरी की घटना सामने आई है। सुने मकान से चोर गैस की टंकी सहित घरेलू सामान ले गए। सभी मामलों में किशनगंज और कोतवाली थाना पुलिस जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे थे।

# मोबाइल-कम्प्यूटर शॉप को बनाया निशाना

## ◆ सीसीटीवी में दिखे चोर, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल सहित नगद चुराए, कथा स्थल से भी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में दो नकाबपोश बदमाशों का सीसीटीवी सामने आया है। बदमाश मोबाइल ओर कम्प्यूटर शॉप में घुसकर सामान चुराकर ले गए। पीड़ित ने रविवार को मामले में केस दर्ज कराया। इधर दुकान में लगे कैमरों की रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। पुलिस आरोपियों की जानकारी निकालने में जुटी है।**

पुलिस के मुताबिक रितिक माहेश्वरी निवासी व्यंकटेश विहार की माहेश्वरी मोबाइल एंड कम्प्यूटर सॉल्यूशन के नाम से सुखदेव नगर में शॉप है। रितिक ने बताया कि 15 दिसंबर की रात में वह अपनी शॉप बंद कर अपने घर आ गए।

अलसुबह उनकी मकान मालकिन ने कॉल किया और बताया कि दुकान के ताले टूटे पड़े हैं। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो अंदर से तीन लैपटॉप, दो मोबाइल और एक टैबलेट सहित दराज में रखा कैश गायब मिला। उन्होंने पुलिस को मामले में शिकायत की। इसके बाद अंदर के कैमरों के फुटेज देखे तो उसमें दो बदमाश दिखाई दे रहे हैं।

**गार्डन में घुसे चोर, सांउड सिस्टम और लाइट ले गए-** इंदौर के मल्हारगंज में भी पुलिस ने एक चोरी के मामले में केस दर्ज कर लिया। चोरी गार्डन में हुई। यहां भागवत कथा होने के दौरान साउंड सिस्टम ओर लाइट बदमाश चुराकर ले गए। भरत चौहान निवासी द्वारकापुरी ने बताया कि वृंदावन गार्ड हंसदास मठ के पीछे पांच दिन की भागवत कथा हो रही है। यहां उन्होंने साउंड सिस्टम और लाइट का काम लिया। जिसमें बदमाश दो दिन बाद ही मिक्सर मशीन, 10 लाइट और 5 माइक मौके से चुराकर ले गए। गेट के बाहर जाते हुए बदमाश कैमरों में कैद हुए हैं।

## मोबाइल लूटेरा पकड़ाया

**इंदौर।** चंदननगर में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गत 30 नवंबर को दीपेश सांखला के साथ मोबाइल लूट की घटना घटित हुई थी। वारदात को बदमाश शिवम पिता मदनलाल (24) निवासी कृष्णबाग कालोनी ने अंजाम दिया था। आरोपी शिवम की मुलाकात फरियादी से चंदननगर थाना क्षेत्र की शराब दुकान में हुई थी। यंहा चंद मिनट की मुलाकात में आरोपी ने फरियादी से दोस्ती कर ली और फिर दोनों शराब पीने के बाद एक साथ वहां से निकले। इस दौरान आरोपी ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम देते हुए मोबाइल लेकर फरार हो गया।

# रात में सोया, सुबह उठा ही नहीं, डॉक्टरों ने कहा अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा निवासी रेडीमेड कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह रात में सोया लेकिन सुबह शरीर अकड़ा हुआ मिला। परिवार ने संभवतः ठंड से मौत की आशंका जताई है। वहीं डॉक्टर हार्ट अटैक से मौत की बात कह रहे हैं। पुलिस को मौत के सही कारण के लिए पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक राम (38) पुत्र गणेश बढ़िया निवासी अवंतिका नगर को उसका परिचित मेहरबान एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि वह रात में खाना खाकर सोया। सुबह उसकी पत्नी ने उसे बिस्तर पर अकड़ा हुआ पड़ा देखा। इसके बाद पड़ोसी ओर रिश्तेदारों को जानकारी दी। राम को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से सागर का रहने वाला है। उसके परिवार में एक पांच साल की बेटी है। डॉक्टरों के मुताबिक जब राम को अस्पताल लेकर आया गया तो उसका शरीर अकड़ा हुआ था। संभवतः हार्ट अटैक से मौत जैसी स्थिति दिख रही है। पीएम के बाद ही मौत के पीछे की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस को जानकारी दी गई है।

# करंट लगने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ-किशनगंज इलाके में बिजली कंपनी में निजी ठेकेदार के अंडर में काम करने वाले कर्मचारी की लाईन सुधारते समय अचानक करंट लगने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। बताया जाता है कि करंट लगने के चलते कई फीट उंचाई से कर्मचारी नीचे आ गिरा। हादसे के दौरान सुरक्षा के उपाय भी नही किये गए।**

किशनगंज पुलिस के मुताबिक घटना टीटी फाटा एबी रोड़ की है। यहां विकास पिता गुलाब सिंह कुशवाह निवासी गणेश चौक खरगौन रविवार को लाईन सुधारने का काम करने के दौरान अचानक करीब बीस फीट से ज्यादा की उंचाई से नीचे आ गिरा। उसे साथी कर्मचारी नजदीक के निजी अस्पताल ले गए। यहां से डॉक्टरो ने उसे एमवाय भेजा। उपचार के दौरान शाम को विकास की मौत हो गई। परिचितो ने बताया कि एमपीईबी में निजी ठेकेदार के अंडर में वह काम करता है। वह बिजली जाने के चलते लाइन सुधार रहा था। अचानक एक लाईन में करंट रहने के चलते हाथ लगाते ही झटके के साथ विकास नीचे आ गिरा।

### पिता की हो गई मौत, एक भाई

परिवार के मुताबिक विकास की शादी नहीं हुई। वह मूल रूप से खरगोन का रहने वाला है। यहां किराये के घर में रहता है। उसके पिता की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में एक बड़ा भाई है। जो खरगोन में ही मां ओर परिवार के साथ रहता है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को विकास के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक